www.wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818


वर्ष-1 | अंक-141 | सागवाड़ा, शनिवार,22 जनवरी, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## आसपुर डिप्टी के नेतृत्व में साबला पुलिस ने सोमनदी में अवैध बजरी खनन पर की कार्रवाई

### एक जेसीबी व बजरी से भरी 4 ट्रेक्टर-ट्रोली की जब्त, पुलिस को देखकर वाहनों के चालक हुए फरार

**आसपुर( डूंगरपुर )।** डूंगरपुर जिले के आसपुर डिप्टी नोपाराम के नेतृत्व में साबला थाना पुलिस की ओर से बजरी के अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने थाना क्षेत्र के विजवामाता रोड पर हेराफला के पास सोमनदी में अवैध खनन कर रही एक जेसीबी व बजरी से भरी 4 ट्रेक्टर-ट्रोली जब्त की है। इधर पुलिस को देखकर सभी वाहनों के चालक भागने में कामयाब रहे। पुलिस ने जब्त वाहनों को साबला थाने में रखवाए है। डूंगरपुर जिले के आसपुर डिप्टी नोपाराम ने बताया कि मुखबिर के जरिये बीती रात साबला थाना क्षेत्र के विजवा माता रोड पर हेराफला के पास सोम नदी में अवैध रूप से बजरी खनन की सुचना मिली थी। सुचना मिलने के बाद साबला थाना पुलिस टीम के साथ उन्होंने हेराफला गाँव के पास सोमनदी में दबिश दी। इस दौरान एक जेसीबी मशीन नदी में अवैध रूप से बजरी खनन कर रही थी और पास में खडी ट्रैक्टर-ट्रोलियो में भर रही थी। इधर जब खनन कर रहे जेसीबी चालक व ट्रेक्टर-ट्रोली चालको ने पुलिस की टीम को मौके पर देखा तो सभी वाहन चालक मौके से फरार हो गए। इधर पुलिस ने सोमनदी से अवैध रूप से बजरी खनन करती एक जेसीबी और अवैध बजरी से भरी चार ट्रेक्टर-ट्रोलियो को जब्त किया।

इधर कार्रवाई के बाद पुलिस ने जब्त जेसीबी व चार ट्रेक्टर-ट्रोलियो को साबला थाने में लाकर रखवाया। वही पुलिस ने अवैध बजरी खनन की सुचना खनिज विभाग के अधिकारियो को दी है। खनिज विभाग की ओर से नियमानुसार जुर्माना वसूलने व मुकदमा दर्ज करवाने की कार्रवाई की जायेगी। गौरतबल है की आसपुर क्षेत्र में सोमनदी बजरी माफियो का गढ़ बनी हुई है। आसपुर क्षेत्र के इन्दोडा,देवला, करेलिया, अमृतिया, सकानी, रामा सहित कई ऐसे क्षेत्र है जहा पर बजरी माफिया सोमनदी को झलनी करके बजरी का दोहन करते है। हालाकि कई बार पुलिस की ओर से इन खनन माफियो के खिलाफ कार्रवाई तो की जाती है लेकिन कार्रवाई के बाद फिर कुछ दिनों बाद बजरी खनन का ये खेल वापस शुरू हो जाता है।



## कलेक्टर शुभम चौधरी ने फलोज व खेमारू मॉडल स्कूल का किया निरीक्षण

### शिक्षिका बनकर विद्यार्थियों की ली क्लास, अंग्रेजी भाषा में कलेक्टर ने विद्यार्थियो से किया संवाद

**डूंगरपुर।** जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने आज दोवडा ब्लाक के फलोज मॉडल स्कूल व डूंगरपुर ब्लाक के खेमारू मॉडल स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर चौधरी ने जहा विद्यार्थियों की क्लास ली वही विद्यार्थियो से अंग्रेजी भाषा में संवाद करते हुए उन्हें झिझक छोड़कर अंग्रेजी भाषा में संवाद के लिए प्रेरित किया। इधर अपने निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चौधरी ने दोनों स्कूलों में शैक्षिक व सहशैक्षिक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। डूंगरपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी कलेक्टर का कार्यभार संभालने के बाद आज जिले के दौरे पर निकली। अपने दौरे के दौरान कलेक्टर चौधरी नेदोवडा ब्लाक के फलोज मॉडल स्कूल व डूंगरपुर ब्लाक के खेमारू मॉडल स्कूल का निरीक्षण किया। अपने दौरे के दौरान कलेक्टर चौधरी सबसे पहले दोवडा ब्लाक के फलोज मॉडल विद्यालय ओर फिर उसके बाद डूंगरपुर ब्लाक के खेमारू मॉडल विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों स्कूलों के कक्षा-कक्षों में चल रही कक्षाओं का अवलोकन किया। इधर कलेक्टर चौधरी ने मॉडल विद्यालय फलोज में आठवी कक्षा में अंग्रेजी विषय के चल रहे अध्ययन के दौरान कक्षा कक्ष में बैठकर अध्ययन अध्यापन को देखा।



फिर इसके बाद कलेक्टर ने एक शिक्षिका के रूप में विद्यार्थियो को कई विषयों में बोर्ड पर पढ़ाते हुए उन्हें जानकारी दी साथ विद्यार्थियो के द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब देते हुए उनका मार्गदर्शन भी किया।

इधर दोनों विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्कूल के विद्यार्थियो से अंग्रेजी भाषा में संवाद किया इस दौरान कलेक्टर द्वारा अंग्रेजी भाषा में पूछे गए सवालों का कई विद्यार्थियो ने बखूबी अंग्रेजी ही भाषा में जवाब दिया वही कुछ विद्यार्थी अंग्रेजी भाषा में बोलने में झिझकते भी नजर आये। लेकिन कलेक्टर ने झिझक रहे विद्यार्थियों की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें विदयालय के दौरान अंग्रेजी भाषा में ही आपस में बातचीत के लिए प्रेरित किया। वही कलेक्टर चौधरी ने संस्था प्रधानों को निर्देशित किया कि बच्चों में अक्सर अंग्रेजी विषय को लेकर एक डर और झिझक होता है, ऐसे में रूटीन बोलचाल में भी अंग्रेजी में बातचीत करने का प्रयास करें जिससे बच्चों में इस विषय को लेकर बना हुआ डर और झिझक दूर हो सके। वही जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने दोनों ही विद्यालयों में लैब में जाकर की बच्चों के द्वारा बनाए गए विज्ञान के मॉडल को दिखा उनकी क्रियान्वित महत्ता आदि के बारे में जानकारी लेते हुए सराहना की इसके साथ ही उन्होंने विद्यालयों में संचालित पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया तथा वहां आ रही पुस्तकों के बारे में जानकारी प्राप्त की वही उन्होंने पुस्तकालय हेतु बच्चों में जनरल नॉलेज बढ़ाने वाली पुस्तकों के साथ ही व्याकरण , टेक्नोलॉजी संबंधी पुस्तकों को भी बढ़ावा देने संबंधी निर्देश दिए।

## राप्रावि बथड़ी का शिक्षक एपीओ

**सीमलवाड़ा।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा कार्यालय सीमलवाड़ा अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय बथड़ी पूर्व में शिक्षक मुकेश पाटीदार के खिलाफ सरपंच, उपसरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा विरोध प्रदर्शन करने के मामले में विभाग ने कार्रवाई करते हुए शिक्षक मुकेश पाटीदार को निलंबित कर दिया है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण कुमार डामोर ने बताया कि शिक्षक मुकेश पाटीदार के खिलाफ सरपंच रतन देवी भगोरा , पूर्व सरपंच पूंजीलाल भगोरा और उप सरपंच रेखा पारगी समेत अभिभावकों ने शुक्रवार को शिक्षक की कार्यशैली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। जिसमें आरोप लगाया था कि शिक्षक मुकेश पाटीदार अपनी मनमर्जी अनुसार स्कूल आवाजाही करता है, एसएमसी कमेटी को भी नजरअंदाज कर रहा है एवं बच्चों मैं शिक्षण व्यवस्था सही नहीं मिल रही है। साथ ही गंभीर आरोप लगाया कि शिक्षक शराब पीकर स्कूल आता है जिससे स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों पर बुरा असर पड़ रहा है। अभिभावकों ने हंगामा खड़ा कर शिक्षक को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की गई थी। जिस पर शिक्षा विभाग में कार्रवाई करते हुए उक्त शिक्षक मुकेश पाटीदार को एपीओ कर जिला शिक्षा कार्यालय में सेवाएं देने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण कुमार डामोर एवं गडिया भादर पीईईओ शिल्पा पंड्या ने शनिवार स्कूल पहुंच शिक्षक को हाथों हाथ जांच लंबित कर एपीओ कर जिला शिक्षा कार्यालय में उपस्थिति देने के निर्देश दिए।

## एएनएम भर्ती 2018 महिला अभ्यर्थियो को अपनी नियुक्ति का इंतजार

**डूंगरपुर।** जिले में एएनएम भर्ती 2018 के तहत जामिया उर्दू बोर्ड अलीगढ़ से 10 वी की अंकतालिका वाली 161 महिला अभ्यर्थियो को अपनी नियुक्ति का इन्तजार है। हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद इन अभ्यर्थियो को सरकार की ओर से नियुक्ति नहीं दी गई है। पीड़ित अभ्यर्थियो ने डूंगरपुर विधायक को ज्ञापन देकर शीघ्र नियुक्ति दिलाने की मांग की है। डूंगरपुर जिले में एएनएम भर्ती 2018 के तहत पदस्थापन से वंचित महिला अभ्यर्थियों ने डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा को ज्ञापन सौपते हुए शीघ्र नियुक्ति दिलाने की मांग की है।



अभ्यर्थी कोकिला बरंडा ने बताया कि राज्य सरकार ने 2018 में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के जरिये अनुसूचित क्षेत्र में रिक्त पड़े एएनएम 637 पदों पर आवेदन मांगे थे। जिसमें अनुसूचित क्षेत्र की 161 महिला अभ्यर्थियों की 10वी की अंकतालिका जामिया उर्दू बोर्ड अलीगढ़ की होने के कारण विभाग ने ऑनलाइन आवेदन स्वीकार नही किये थे। इसके बाद न्यायालय के आदेश पर विभाग ने 161 महिला अभ्यर्थियों के ऑफलाइन आवेदन लिए थे।

इसके बाद सरकार की ओर से 161 महिला अभ्यर्थियों की सीटें विथहोल्ड कर शेष अभ्यर्थियो को नियुक्ति दे दी गई । वही कोकिला ने बताया कि 12 जनवरी 2022 को हाइकोर्ट की डबल बेंच ने राज्य सरकार को जामिया उर्दू बोर्ड अलीगढ़ को मान्यता देने और बोर्ड की डिग्री की वजह से वंचित रहे अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने के आदेश दिए है। लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद अभी तक विभाग की ओर से उक्त 161 महिला अभ्यर्थियो को अभी तक नियुक्ति नहीं दी गई है। ऐसे में अभ्यर्थियों ने विधायक गणेश घोघरा को ज्ञापन सौपते हुए अनुसूचित क्षेत्र की 161 महिला अभ्यर्थियों को एएनएम पद पर शीघ्र नियुक्ति दिलाने ओर मामले को सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में नही ले जाने की मांग की है।

## तीसरी लहर में सबसे ज्यादा 17 मौतें

**जयपुर।** राजस्थान में कोरोना की तीसरी लहर जानलेवा हो गई है। शनिवार को सबसे ज्यादा 17 मरीजों की मौत हो गई। हालांकि केस में शुक्रवार के मुकाबले गिरावट आई है। शनिवार को 14 हजार 829 नए केस मिले है, जो शुक्रवार के मुकाबले कम है। शुक्रवार को 16 हजार 878 केस मिले थे। जिलेवार स्थिति देखें शनिवार को जयपुर में सबसे ज्यादा 3,988 केस मिले। 7 जिलों में संक्रमण दर 25 फीसदी से ऊपर रही। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की रिपोर्ट पर नजर डाले तो आज सबसे ज्यादा 5 मौत जोधपुर जिले में हुई हैं। जोधपुर के अलावा जयपुर में 3 और उदयपुर, सीकर, नागौर, कोटा, चूरू, भरतपुर, बाड़मेर, अलवर और अजमेर में 1-1 मरीज की मौत हो गई।

## गामडी अहाड़ा में सरपंच की मनमानी से परेशान वार्ड पंचों ने अब सरपंच सोहनलाल ननोमा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया

**डूंगरपुर।** जिले की बिछीवाड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गामडी अहाड़ा में सरपंच की मनमानी से परेशान वार्ड पंचों ने अब सरपंच सोहनलाल ननोमा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पंचायत के कुल 13 में से 10 वार्ड पंचो ने जिला परिषद सीईओ के समक्ष पेश होकर हस्ताक्षर शुदा पत्र प्रस्तुत करते हुए सरपंच सोहन लाल ननोमा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया और उन्हें पद से हटाने की मांग की है। डूंगरपुर जिले की बिछीवाडा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गामडी अहाड़ी के सरपंच सोहनलाल ननोमा की मनमानी व कार्यशैली से नाराज 13 में से 10 वार्ड डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर पहुंचे। जहा उन्होंने जिला परिषद सीईओ अतुल प्रकाश से मुलाकात करते हुए सरपंच सोहनलाल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का दावा प्रस्तुत किया। वार्ड पंचों ने जिला परिषद सीईओ अतुल प्रकाश को अविश्वास प्रस्ताव पत्र सौंपते हुए बताया कि वर्तमान सरपंच सोहन लाल ननोमा पर वार्ड पंचों की उपेक्षा के आरोप लगाया। वार्ड पंचों ने आरोप लगाया कि सरपंच सोहन लाल ननोमा अपनी मनमर्जी से काम करवाते हैं। विकास के कार्यो के लिए वार्ड पंचो से पूछा नहीं जाता और वार्ड पंच के कहने पर कोई भी विकास कार्य गांव में नहीं होता है, जिससे जनता में उनकी छवि धूमिल हो रही है। वार्ड पंचों का कहना है कि सरपंच द्वारा प्रधानमंत्री आवास और नरेगा जैसी योजनाओं में भी भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है वही नरेगा योजना में मशीनों से काम करवा कर मजदूरों का हक छीना जा रहा है। सरपंच के इस मनमाने रवैये को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। वार्ड पंचों ने कहा कि 13 में से 10 वार्ड पंचों ने अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं।



ऐसे में वार्ड पंचो ने पंचायती राज अधिनियम के नियमों के तहत वर्तमान सरपंच सोहनलाल को तत्काल हटाते हुए नए सरपंच के लिए वार्ड पंचों का मतदान कराने की मांग की है।

## झोथरी में शराब से भरी एक कार को जब्त

**चौरासी( डूंगरपुर )।** डूंगरपुर जिले की चौरासी थाना पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान झोथरी में शराब से भरी एक कार को जब्त किया है। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार करते हुए कार से 118 बोतल महंगी शराब की बरामद की है। जिसके बाजार की कीमत करीब 3 लाख रुपए बताई जा रही है। तस्कर शराब को उदयपुर से भरकर गुजरात ले जा रहे थे। डूंगरपुर जिले में एसपी सुधीर जोशी के निर्देश पर शराब की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान में जिले की चौरासी थाना पुलिस को बड़ी सफलता आज हाथ लगी है। चौरासी थाना पुलिस ने मुखबिर की सुचना पर की गई नाकेबंदी में शराब से भरी एक कार को जब्त किया है। कार से पुलिस ने 3 लाख की महंगी शराब बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। चौरासी थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की आज दोपहर को मुखबिर के जरिये एक कार में शराब भरकर झोथरी होते हुए गुजरात तस्करी की सुचना मिली थी।

## बांसिया में मनरेगा कार्यों का औचक निरीक्षण



**सीमलवाड़ा।** जिला परिषद मनरेगा अधिशासी अभियंता विनायक चौबीसा ने ग्राम पंचायत बासिया में मनरेगा कार्यों का औचक निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत कार्यालय में मनरेगा योजना से जुड़े पत्रावलियों एवं रजिस्टर संधारण का निरीक्षण कर ग्राम विकास अधिकारी भंवरलाल बंजारा को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिसके बाद मनरेगा कार्यों का निरीक्षण किया जहां पर मेटों को टास्क बनाकर श्रमिकों से कार्य कराने, तकनीकी सहायक पवन पाटीदार को ग्रुप अनुसार एमबी बनाने, मनरेगा कार्यों में पूरा काम पूरा दाम की पद्धति से कार्य कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मस्टरोल में दर्ज नामांकित श्रमिकों में से आधे श्रमिक मिले जिस पर मेटों ने बताया कि आज शादी समारोह होने से श्रमिक नहीं आए है, जिनका समर्थन जनप्रतिनिधियों एवं मनरेगा श्रमिकों ने भी दिया। श्रमिकों से प्रपत्र 6 आवेदन लेकर ही मस्टरोल में दर्ज कराने, ऑन लाइन हाजरी भरने वाले प्रशिक्षु मेटों को ही लगाने के निर्देश दिए। कार्य स्थल में श्रमिकों द्वारा ग्रुप में पूरी लगन के साथ कार्य करने देख खुशी जताई। श्रमिकों से जॉब कार्ड की जांच करने पर पुराने जॉब कार्ड मिले जिस पर नाराजगी जताई एवं ग्राम विकास अधिकारी को नए जॉब कार्ड जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पंचायत समिति सदस्य विमल प्रकाश डोडियार, सरपंच सूरज देवी डोडियार, जेटीए विनोद कलाल, वार्ड पंच नारायण लाल ननोमा, भीखा भाई बारिया, किशु भाई यादव, रमण लाल डामोर, लिपिक नाथू लाल परमार समेत मौजूद रहे।

### कार में गुप्त रूप से शराब भरकर गुजरात तस्करी की थी मंशा

## चौरासी थाना पुलिस ने नाकेबंदी में धबोचा, 3 लाख की महंगी शराब की जब्त, दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले की चौरासी थाना पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान झोथरी में शराब से भरी एक कार को जब्त किया है । पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार करते हुए कार से 118 बोतल महंगी शराब की बरामद की है । जिसके बाजार की कीमत करीब 3 लाख रुपए बताई जा रही है। तस्कर शराब को उदयपुर से भरकर गुजरात ले जा रहे थे। एसपी सुधीर जोशी के निर्देश पर शराब की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान में जिले की चौरासी थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चौरासी थाना पुलिस ने मुखबिर की सुचना पर की गई नाकेबंदी में शराब से भरी एक कार को जब्त किया है। कार से पुलिस ने 3 लाख की महंगी शराब बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। चौरासी थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की शनिवार दोपहर को मुखबिर के जरिये एक कार में शराब भरकर झोथरी होते हुए गुजरात तस्करी की सुचना मिली थी। मुखबिर के जरिये मिली सुचना पर हेड कांस्टेबल मदनलाल, कांस्टेबल मुकेश कुमार, गिरीश कुमार व जयंतीलाल ने झोथरी तिराहे पर नाकेबंदी शुरू की । इस दौरान गेंजी की तरफ से गुजरात नम्बर की एक डस्टर कार आती हुई दिखाई दी । जिस पर पुलिस ने कार चालक को रोकने का इशारा किया गया ओर कार रुकवाकर उसकी तलाशी ली। कार की तलाशी के दौरान कार की सीटो के नीचे बने बोक्स में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब भरी हुई थी । जिस पर पुलिस ने कार चालक चमन सिंह पिता सत्य नारायण सिंह निवासी हिरण मगरी उदयपुर व उसके साथ बैठे मनोहर सिंह पिता गुलाब सिंह निवासी चित्रकूट नगर उदयपुर को आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार किया ।




इधर पुलिस ने कार 118 महंगी शराब की बोतल बरामद की। थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की जब्त की गई सभी शराब की बोतल महंगी किस्म की है जिसकी बाजार की कीमत करीब 3 लाख रूपये बताई जा रही है । वही थानाधिकारी गरासिया ने बताया की प्रारंभिक पूछताछ में दोनों तस्करों ने शराब को उदयपुर से भरकर गुजरात तस्करी करना बताया है । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ओर तस्करों से आगे की पूछताछ की जा रही है।